फा.सं.एफ.1/144(21)/2026-भ.-IV

संघ लोक सेवा आयोग
भर्ती-IV अनुभाग

पुनः परीक्षित अंतिम संवीक्षा/लघुसूचीबद्ध करने संबंधी विवरण	
पद का नाम	भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, संस्कृति मंत्रालय में उप अधीक्षण पुरातत्वविद् के पद की 02 रिक्तियां (अ.ज.जा.-01, अना.-01, पीडब्ल्यूबीडी-01)।
विज्ञापन सं.	07/2026
रिक्ति संख्या	26060706427

अनिवार्य योग्यताएं (अ.यो.)	**शैक्षणिक** (क) (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुरातत्व विज्ञान में मास्टर डिग्री या भारतीय इतिहास (प्राचीन भारतीय इतिहास या मध्यकालीन भारतीय इतिहास एक विषय या पेपर के रूप में) मास्टर डिग्री या मानव विज्ञान (पाषाण युगीन पुरातत्व विज्ञान सहित एक विषय या पेपर के रूप में) में मास्टर डिग्री या भू-विज्ञान में (प्लीस्टॉसीन भू-विज्ञान एक विषय या एक पेपर के रूप में) मास्टर डिग्री)। (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुरातत्व विज्ञान या भारतीय इतिहास या मानव विज्ञान या भू-विज्ञान में डॉक्टरेट उपाधि। **या** (ख) (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुरातत्व विज्ञान में मास्टर डिग्री या भारतीय इतिहास (प्राचीन भारतीय इतिहास या मध्यकालीन भारतीय इतिहास एक विषय या पेपर के रूप में के साथ) में मास्टर डिग्री या मानव विज्ञान (पाषाण युगीन पुरातत्व विज्ञान एक विषय या पेपर के रूप में) में मास्टर डिग्री और (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का पुरातत्व विज्ञान में मास्टर डिप्लोमा; और (iii) पुरातत्व विज्ञान (जिसमें उत्खनन कार्य संबंधी अनुभव शामिल हो) में तीन वर्ष का फील्ड अनुभव।

वांछनीय योग्यताएं (डीक्यू)	शून्य

अपनाए गए मानदंड	i) संवीक्षा, उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए आवेदनों में भरी गई सूचना तथा आवेदनों के साथ अपलोड किए गए सहायक दस्तावेजों के आधार पर की गई है। ii) आवेदनों की संवीक्षा संबंधित पद की भर्ती नियमावली के प्रावधानों तथा संवीक्षा हेतु इस मामले में अपनाए गए मानदंडों तथा मापदंडों के अनुसार की गई है। iii) संवीक्षा हेतु केवल ऑनलाइन भर्ती आवेदन (ओआरए) में किए गए उस दावे पर शैक्षणिक योग्यता/अनुभव के रूप पर में विचार किया गया है, जिसका उल्लेख ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र (ओआरए) में किया गया है। सूचना का दावा करने वाले केवल उन उम्मीदवारों के सहायक दस्तावेजों, जो उन्हें अ.यो.-क (i) तथा अ.यो.-क(ii) के संबंध में पद के लिए पात्र बनाते है, की जांच की गई है और ओआरए के संगत मॉड्यूल में इसके संदर्भ के बिना संलग्न किए दस्तावेजों पर विचार नहीं किया गया है। iv) डिग्री या विषयों की किसी भी समान नामावली को स्वीकार नहीं किया गया है। साथ ही समकक्ष योग्यता या अनुभव को स्वीकार नहीं किया गया है। v) प्रागैतिहासिक पुरातत्वविज्ञान पर पाषाण युगीन पुरातत्वविज्ञान के रूप में विचार किया गया है। vi) भर्ती नियमावली के अनुसार, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से अ.यो. क (i) तथा अ.यो. ख (i) पुरातत्व विज्ञान में मास्टर डिग्री या भारतीय इतिहास (प्राचीन भारतीय इतिहास या मध्ययुगीन भारतीय इतिहास एक विषय या पेपर के रूप) में मास्टर डिग्री या मानव विज्ञान (पाषाण युगीन पुरातत्व विज्ञान एक विषय या एक पेपर के रूप में) में मास्टर डिग्री या भू-विज्ञान (प्लीस्टोसीन भू-विज्ञान एक विषय या पेपर के रूप में) में मास्टर डिग्री है। तदनुसार, जिन आवेदनों में भू-विज्ञान में मास्टर डिग्री का दावा किया है, और यदि अंक विवरण स्पष्ट रूप से प्लीस्टोसीन भू-विज्ञान को एक अलग से विषय के रूप में नहीं दर्शाता है तो इसे अस्वीकृत किया गया है। vii) अ.यो-ख (ii) के अंतर्गत पुरातत्व विज्ञान में एक वर्ष या उससे अधिक अवधि के एडवांस/पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा को ही स्वीकार किया गया है। एक वर्ष से कम अवधि के अन्य डिप्लोमा/प्रमाण-पत्रों को स्वीकार नहीं किया गया है। viii) अनुभव प्रमाण-पत्र दिनांक 23.12.2010 के भर्ती (समन्वय एवं नीति) परिपत्र सं.एफ.8/84/2010-भर्ती (समन्वय एवं नीति) के अनुसार निर्धारित प्रारूप में होने चाहिए। तथापि जहां भी आवेदकों ने निर्धारित प्रारूप में अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किए हैं, अपेक्षित सूचना उपलब्ध होने पर उनके अनुभव प्रमाण-पत्र पर मेरिट के

	आधार पर विचार किया गया है। ix) नियुक्ति पत्रों, कार्यालय आदेशों, त्याग पत्रों, वेतन प्रमाण-पत्रों, सेवा प्रमाण-पत्रों तथा उम्मीदवारों द्वारा स्वयं हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्रों या स्व-रोजगार प्रमाण-पत्रों को अनुभव का प्रमाण नहीं माना गया है। ऐसे उम्मीदवारों को अपूर्ण श्रेणी के अंतर्गत अस्वीकृत किया गया है। x) कार्य का स्वरूप स्पष्ट न करने वाले अनुभव प्रमाण-पत्रों पर विचार नहीं किया गया है और उन्हें अपूर्ण के रूप में अस्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार, ऐसे आवेदकों को अस्वीकृत किया गया है जिन्होंने संगत अनुभव का दावा किया है लेकिन इसके समर्थन में संलग्न किया गया अनुभव प्रमाण-पत्र दावा की गई सम्पूर्ण अवधि का नहीं है या किए गए अनुभव संबंधी दावे का समर्थन नहीं करता है। संगत अनुभव की केवल उस अवधि पर विचार किया गया है, जिसके लिए अपेक्षित/संगत अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया गया है। xi) कुछ उम्मीदवारों को एक से अधिक श्रेणी के अंतर्गत अस्वीकृत किया जा सकता है। उन्हें सर्वाधिक उपयुक्त श्रेणी के अंतर्गत अस्वीकृत किया गया है। **टिप्पणी: आयोग द्वारा मानदंडों का निर्धारण मामला-दर-मामला आधार पर किया जाता है।**

अस्वीकृत उम्मीदवारों को दिनांक 16/10/2026 तक अपनी अस्वीकृति के विरुद्ध अभ्यावेदन प्रस्तुत करने संबंधी एक अवसर प्रदान करने हेतु संवीक्षा विवरण दिनांक 05/10/2026 को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था।

06 उम्मीदवारों से ई-मेल/अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और उनकी जांच की गई है। इन ई-मेलों तथा अभ्यावेदनों का ऑनलाइन आवेदन, शैक्षणिक योग्यताओं तथा इसमें उल्लिखित अनुभव, ओआरए के साथ प्राप्त सहायक दस्तावेजों तथा आयोग द्वारा अपनाए गए मानदंडों तथा मापदंडों के संदर्भ के अनुसार पुनः परीक्षण किया गया है। तदनुसार, जांच के पश्चात टिप्पणियां निम्नानुसार है:

दो ई-मेलों के माध्यम से निम्नलिखित मुद्दों को इंगित करने का प्रयास किया गया है:

i. यह अभ्यावेदन दिया गया है कि मास्टर डिग्री के दौरान पढ़ाए जाने वाले विभिन्न विषयों के कुछ भाग मिलकर प्लीस्टोसीन भू-विज्ञान का गठन करते हैं और इस संबंध में भू-विज्ञान विभाग से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
ii. हालांकि भर्ती नियमावली के अनुसार, भू-विज्ञान में मास्टर डिग्री का दावा करने वालों के पास अलग विषय या पेपर के रूप में प्लीस्टोसीन भू-विज्ञान होना चाहिए। तदनुसार, जिन आवेदनों में भू-विज्ञान में मास्टर

डिग्री का दावा अ.यो. क (i) के रूप में किया गया है, उनमें यदि अंक विवरण में मानदंड संख्या VI के अनुसार स्पष्ट रूप से प्लीस्टोसीन भू-विज्ञान को एक अलग विषय/पेपर के रूप में नहीं दर्शाया गया है तो उन्हे समान रूप से अस्वीकृत किया गया है

तदनुसार, ई-मेल और अभ्यावेदनों की जांच की गई है और परिणामी टिप्पणियां नीचे सूचीबद्ध है:

अनंतिम स्थिति के संबंध में मेल				
क्र.सं.	अनुक्रमांक	मेल की संख्या	टिप्पणी	प्रस्ताव
1.	88	01	प्रस्तुत किए गए दस्तावेज सही है।	अनंतिम स्थिति समाप्त की गई।
अस्वीकृति-अपूर्ण के संबंध में ई-मेल: दावा की गई मास्टर डिग्री तथा एक वर्ष का डिप्लोमा प्रस्तुत नहीं किया गया				
2.	76	01	मास्टर डिग्री और अंक विवरण ओआरए में किए दावे से मेल नहीं खाते और एक-वर्षीय डिप्लोमा/एडवांस डिप्लोमा की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई। अतः अपूर्ण।	**अस्वीकृति बरकरार रखी गई।**
अस्वीकृति-अपूर्ण के संबंध में ई-मेल: अंकतालिका में प्राचीन भारतीय इतिहास या मध्यकालीन भारतीय इतिहास एक विषय या पेपर के रूप में शामिल नहीं है और भारतीय इतिहास में पीएच.डी. डिग्री **प्रस्तुत नहीं** की गई।				
3	83	01	प्रस्तुत किए गए दस्तावेज समान है और अपेक्षा पूर्ण नहीं करते है और अतः संतोषप्रद नहीं है।	**अस्वीकृति बरकरार रखी गई।**
अस्वीकृति-अपूर्ण के संबंध में ई-मेल: एक वर्षीय डिप्लोमा प्रस्तुत नहीं किया गया				
4.	82	01	एक वर्षीय डिप्लोमा/एडवांस डिप्लोमा प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः अपूर्ण।	**अस्वीकृति बरकरार रखी गई।**
अस्वीकृति-अपूर्ण के संबंध में ई-मेल: मास्टर डिग्री, अंकतालिका किए गए दावे से मेल नहीं खाते-अंकतालिका में प्लीस्टोसीन भू-विज्ञान एक विषय या पेपर के रूप में शामिल नहीं है।				
5.	74, 75	02	प्लीस्टोसीन भू-विज्ञान अंकतालिका में एक विषय या पेपर के रूप में शामिल नहीं है।	**अस्वीकृति बरकरार रखी गई।**
ई-मेल की कुल संख्या		**06**		
अनंतिम रूप से लघुसूचीबद्ध किए गए				

क्र.सं.	अनुक्रमांक	उम्मीदवारों की संख्या	टिप्पणी	प्रस्ताव
6.	72	01	शपथ-पत्र प्रस्तुत किया गया।	**अनंतिम स्थिति समाप्त की गई।** **साक्षात्कार की तारीख तक शपथ-पत्र प्रस्तुत करें**

तदनुसार, संशोधित संवीक्षा निम्नानुसार है

संवीक्षा

01 पीडब्ल्यूबीडी रिक्ति [(ओएल), (सीपी), (एलसी), (डीडब्ल्यू), (एएवी), (एमडीवाई), (एसडी) या (एसआई)]

मानदंड: अ.यो.क (i) + क (ii) अ.यो. ख (i) + ख (ii) + ख (iii)

साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने के लिए:

अनुक्रमांक:

15 47

(02 उम्मीदवार)

अस्वीकृत

एलईक्यू क + एलईक्यू ख

अनुक्रमांक

57

(01 उम्मीदवार)

एलईक्यू ख (ii)

अनुक्रमांक

55

(01 उम्मीदवार)

04 अ.ज.जा. रिक्तियां

मानदंड: अ.यो. क (i) + क (ii) या अ.यो. ख (i) + ख (ii) + ख (iii)

साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने के लिए

अनुक्रमांक:

72[$] 73 78 79 80 84 85 86 88

(09 उम्मीदवार)

[$] कक्षा 10 के प्रमाण-पत्र और ओआरए में आवेदक के पिता के नाम में भिन्नता के लिए साक्षात्कार के दिन शपथ-पत्र प्रस्तुत करना।

अस्वीकृत

निर्धारित आयु से अधिक आयु

अनुक्रमांक

81

(01 उम्मीदवार)

एलईक्यू ख (iii)

अनुक्रमांक

87

(01 उम्मीदवार)

<u>अपूर्ण</u>

कारण	अनुक्रमांक
पुरातत्व विज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई।	82
मास्टर डिग्री तथा एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा प्रस्तुत नहीं किया गया	76
1) मास्टर डिग्री संबंधी अंकतालिका किए गए दावे से मेल नहीं खाती – अंकतालिका में प्राचीन भारतीय इतिहास या मध्यकालीन भारतीय इतिहास एक विषय या पेपर के रूप में शामिल नहीं है। 2) भारतीय इतिहास में पीएचडी डिग्री की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई है।	83
मास्टर डिग्री संबंधी अंकतालिका किए गए दावे से मेल नहीं खाती – प्लीस्टोसीन भू-विज्ञान अंकतालिका में एक विषय या एक पेपर के रूप में शामिल नहीं है।	74, 75, 77

(06 उम्मीदवार)

<u>अनारक्षित रिक्ति</u>

अनारक्षित श्रेणी के अंतर्गत शामिल किए गए उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदनों की जांच नहीं की गई है क्योंकि अनारक्षित श्रेणी के दो उम्मीदवारों को एकमात्र पीडब्ल्यूबीडी रिक्ति के लिए साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने के लिए लघुसूचीबद्ध किया गया है। यदि उनमें कोई भी चयनित होता है तो उन्हें एकमात्र अनारक्षित रिक्ति के लिए अनुशंसित किया जाएगा। यदि कोई भी पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार चयनित नहीं होता है तो पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवर के चयन की संवीक्षा प्रक्रिया निष्फल हो जाएगी और उस स्थिति में पीडब्ल्यूबीडी रिक्ति के नई रिक्ति होने के कारण एकमात्र अनारक्षित श्रेणी की रिक्ति को खाली रखा जाएगा।

इस संबंध में आगे कोई भी पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा।

इस पद हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की सूची उनके **अनुक्रमांक** सहित आयोग के वेबसाइट पथ:**मुख्य पृष्ठ>>भर्ती>>भर्ती मामलों की स्थिति (विज्ञापन वार)>>आवेदकों की सूची** में अपलोड की गई है।

<u>संकेतक:</u>

एलईक्यू अनिवार्य योग्यता में कमी।

डीओआई साक्षात्कार की तारीख।

ओआरए ऑनलाइन भर्ती आवेदन।

ईसी अनुभव प्रमाण-पत्र।

परामर्शदाता/पीकेएस